We got a challe

# 12वीं में मुबाशिरा और 10वीं में अंबर ने ऊंचा किया सिंहानिया का नाम

**KANPUR (12 May):** सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर के स्टूडेंट्स ने परचम लहराया है. इंटरमीडिएट ह्यूमेनिटीज में मुबाशिरा नाहिद ने 98.8 परसेंट मार्क्स लाकर स्कूल में टॉप किया हैं. सिद्धार्थ सिंह 98 और चित्रांशी अग्रवाल ने 96.8 परसेंट मार्क्स हासिल किए हैं. कॉमर्स में तविशी अग्रवाल ने 98.2, नव्या अग्रवाल 96.4, सुहानी कपूर 96.4 परसेंट मार्क्स हासिल किए. वहीं साइंस स्ट्रीम में सांची अरोड़ा 97.2, क्रिश हांडा 96.2, शिवि सिंह व अनंदिता विश्नोई ने 96 परसेंट मार्क्स पाकर टॉपर रहे हैं. वहीं 10वीं में अंबर ने 97.8 परसेंट के साथ टॉप किया है. प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दी हैं.



रिजल्ट आने के बाद सर पदमपत सिंहानिया के स्टूडेंट्स में दिखा उत्साह.

# ह्यूमैनिटीज का दबदबा साइंस वाले रह गए पीछे

**सीबीएसई 12वीं में ह्यूमैनिटीज और कामर्स स्ट्रीम के स्टूडेंट्स छाए रहे**

kanpur@inext.co.in

**KANPUR (12 May):** जहां एक ओर साइंस स्ट्रीम को स्टडी के नजरिए से बेस्ट माना जाता है वहीं सीबीएसई के 12वीं एग्जाम के रिजल्ट में ह्यूमैनिटीज और कामर्स स्ट्रीम के स्टूडेंट्स का प्रदर्शन बेहतर रहा है. रिजल्ट में साइंस स्ट्रीम के स्टूडेंट्स पीछे रहे हैं. सिटी के टॉप 5 स्टूडेंट्स में भी साइंस स्ट्रीम का कोई भी स्टूडेंट अपनी जगह नहीं बना पाया है.

टॉप स्कालर्स की लिस्ट में ह्यूमैनिटीज और कामर्स स्ट्रीम के स्टूडेंट्स ने 99 परसेंट से ज्यादा मार्क्स पाए. जबकि साइंस स्ट्रीम के स्टूडेंट्स 97 परसेंट मार्क्स तक ही सिमट कर रह गए. इस बार डिस्ट्रिक में 12वी क्लास में 10,113 स्टूडेंट्स एग्जाम में शामिल हुए, जिसमें 9405 ने एग्जाम को पास किया है. इस प्रकार से 12वीं का टोटल रिजल्ट 93 परसेंट रहा.

**सीबीएसई 12वीं सिटी टॉप 5**

| नाम | स्कूल | परसेंट | स्ट्रीम |
|---|---|---|---|
| आरुषि सेठ | डीपीएस कल्याणपुर | 99.20 | ह्यूमैनिटीज |
| स्वाति पाल | डीपीएस आजाद नगर | 99 | ह्यूमैनिटीज |
| मुबाशिरा | सर पदमपत सिंहानिया | 98.8 | ह्यूमैनिटीज |
| एकांशी ओझा | डीपीएस कल्याणपुर | 98.8 | ह्यूमैनिटीज |
| अनन्या निगम | पूर्णचंद्र विद्यानिकेतन | 98.4 | ह्यूमैनिटीज |
| ताविशी अग्रवाल | सर पदमपत सिंहानिया | 98.2 | कॉमर्स |

**टॉप फाइव रैंक में साइंस स्ट्रीम का एक भी स्टूडेंट नहीं बना पाया जगह**

## पहली बार बोर्ड एग्जाम

12वीं के स्टूडेंट्स ने पहली बार बोर्ड परीक्षा दी थी. यह स्टूडेंट्स 10वीं में कोरोना के चलते बिना एग्जाम दिए पास कर दिया गए थे. नेशनल इंडिपेंडेंट टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और साइंस टीचर विवेक अवस्थी ने बताया कि 12वीं का एग्जाम देने वाले स्टूडेंट्स के पास एक्सपीरियंस की कमी थी. कोरोना में सीबीएसई बोर्ड ने 10वीं में इन स्टूडेंट्स को खूब मार्क्स दिए थे. इससे साइंस स्ट्रीम वाले स्टूडेंट एक्स्ट्रा कांफीडेंस में आ गए और वो 12वीं के बोर्ड एग्जाम में अच्छे मार्क्स नहीं पा सके. वहीं ह्यूमैनिटीज और कामर्स स्ट्रीम के बच्चों ने एनसीईआरटी के सिलेबस के आधार पर पढ़ाई करके टॉप 5 में अपना नाम दर्ज कराया.

## ह्यूमैनिटीज में बरसे नंबर

12वीं के रिजल्ट में ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम वालों को खूब मार्क्स मिले हैं. वहीं दूसरे नंबर पर कॉमर्स स्ट्रीम वाले रहे हैं. माना जा रहा है कि साइंस में सटीक आंसर न दे पाने की वजह से स्टूडेंट्स के नंबर कटे हैं. वहीं ह्यूमैनिटीज और कामर्स स्ट्रीम में थ्योरी पार्ट ज्यादा होने की वजह से मार्क्स अच्छे मिले हैं.

## कड़ी मेहनत से हासिल किया सफलता का मुकाम (12वीं के टापर्स)

# 8 घंटे की स्टडी से मिली सफलता

सीबीएसई के रिजल्ट में 99.20 परसेंट मार्क्स के साथ सिटी टॉप करने वाली आरूषि सेठ डीयू से ग्रेजुएशन करके सिविल सर्विसेज की तैयारी करेंगी. इनके फादर गौरव सेठ गुड़गांव में प्राइवेट जॉब करते हैं. मां श्रुति सेठ हाउस वाइफ हैं. लखनपुर में रहने वाली आरूषि इन दिनों फरीदाबाद में रह रही है. बताया कि स्कूल के अलावा 6 से 8 घंटे की स्टडी की है. बताया कि कंटेंट को फिक्स करके डेली स्टडी करनी चाहिए. एक बात जान लीजिए इंटरमीडिएट में टॉप करने के लिए 11वीं और 12वीं दोनों साल के मार्क्स इंपार्टेंट होते हैं. यह ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम से डीपीएस कल्याणपुर की स्टूडेंट हैं.



**आरुषि सेठ**
डीपीएस कल्याणपुर
**99.2%**
रैंक- सिटी टॉपर

# रेग्यूलर प्रैक्टिस से मिली सक्सेस

सर पदमपत सिंघानिया एजुकेशन सेंटर से 12वीं में 98.8 परसेंट मार्क्स लाने वाली मुबाशिरा आईएफएस बनना चाहती हैं. ये ह्यूमैनिटीज ग्रुप से हैं. बताया कि एग्जाम के टाइम 8 से 10 घंटे पढ़ाई करती थी. स्टडी के लिए रोजाना टारगेट फिक्स था. सक्सेस के लिए एनसीईआरटी सिलेबस और पुराने साल के क्वेश्चन पेपर से प्रैक्टिस की. ये डीयू से ग्रेजुएशन की पढ़ाई करना चाहती हैं. इनके फादर मोहम्मद आसिफ ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में जॉब करते हैं और मां शाजिया नाहिद प्राइवेट स्कूल में टीचर हैं. इनके 10वीं में 95.3 परसेंट मार्क्स आए थे. यह पनकी की रहने वाली हैं. इनकी सिटी में तीसरी रैंक है.




**मुबाशिरा**
सर पदमपत सिंहानिया
**98.8%**
रैंक- सेकेंड

# जितनी देर भी पढ़ा मन लगाकर पढ़ा

**टॉपर के पिता गोंडा में एडिशनल डिस्ट्रिक जज हैं**

डीपीएस कल्याणपुर से ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम की स्टूडेंट एकांशी ओझा ने 98.8 परसेंट मार्क्स पाए हैं. इनके फादर हरिंद्र कुमार ओझा गोंडा में एडिशनल डिस्ट्रिक जज और मदर शशि ओझा हाउस वाइफ हैं. यह रावतपुर आफिसर्स की रहने वाली एकांशी ने बताया कि डीयू से ग्रेजुएशन करने के साथ साथ सिविल की तैयारी करना चाहती है. बताया कि डेली 4-5 घंटे सेल्फ स्टडी करने से उनको यह सक्सेस मिली है. इनका कहना है कि स्टडी के समय स्ट्रेस नहीं लेना चाहिए साथ ही मन लगा कर पढ़ाई करने से सक्सेस मिलना तय है. इनके 10वीं में 98 परसेंट मार्क्स आए थे. इनकी सिटी में तीसरी रैंक है. वे अपनी सफलता का श्रेय टीचर्स को भी देती हैं.



**एकांशी ओझा**
डीपीएस कल्याणपुर
**98.8%** रैंक- सेकेंड

# खुद के नोट्स बनाकर की तैयारी

सर पदमपत सिंघानिया एजुकेशन सेंटर की तविशी अग्रवाल ने 12वीं के रिजल्ट में 98.2 परसेंट मार्क्स पाए हैं. बताया कि रोजाना 3 से 4 घंटे स्टडी से उनको यह सक्सेस मिली है. स्टडी के बारे में बताया कि क्लास में टीचर के लेक्चरों से खुद से नोट्स बनाए, सैंपल पेपर सॉल्व किए और मॉक टेस्ट्स को लगाया. यह डीयू से बीकॉम और आईआईएम से एमबीए करके फाइनेंशियल एक्सपर्ट बनना चाहती हैं. यह कॉमर्स स्ट्रीम से हैं. मॉडल टाउन निवासी पिता गौरव अग्रवाल बिजनेसमैन और मां योगा इंस्ट्रक्टर हैं.



**तविशी अग्रवाल**
सर पदमपत सिंहानिया
**98.2%**

# टारगेट फिक्स करके की स्टडी

डीपीएस आजाद नगर की स्टूडेंट स्वाति पाल ने 99 परसेंट मार्क्स पाकर सिटी में दूसरा स्थान पाया है. टारगेट फिक्स करके स्टडी को किया और बेस्ट मार्क्स मिले हैं. यह डीयू से ग्रेजुएशन की पढ़ाई करना चाहती हैं. बताया कि दिल्ली में स्टडी के दौरान यह आईएएस अफसर बनने के लिए सिविल सर्विस की तैयारी करेंगी. इन्होंने काकादेव में एक हॉस्टल में रहकर स्टडी की है. इनके फादर प्रदीप कुमार पाल गवर्नमेंट टीचर और मदर सुनीता देवी पाल हाउस वाइफ हैं.



**स्वाति पाल**
डीपीएस आजाद नगर
**99.0%**

सफलता का जश्न मनाती डीपीएस आजाद नगर की ...

# हाईस्कूल में कानपुर की होनहार

**विपाशना भट्टाचार्य**



98.8%

1th केवी आईआईटी

**स्निग्धा पॉल**



98.6%

2nd डीपीएस कल्याणपुर

**अंबर**



97.8%

3rd सर पदमपत सिंहानिया

**मणिकर्णिका**



97.4%

4th डीपीएस आजाद नगर

**वागिशा खन्ना**



97.4%

5th डीपीएस कल्याणपुर

**सान्वी पांडेय**



97.0%

डीपीएस कल्याणपुर

# PPERS ARE GIRLS

## सीबीएसई का 12वीं और 10वीं का रिजल्ट हुआ डिक्लेयर, टॉपर्स में दिखी गर्ल्स की पॉवर

**आरुषि सेठ**



99.2%

1th डीपीएस कल्याणपुर ह्यूमैनिटीज

**स्वाति पाल**



99.0%

2nd डीपीएस आजाद नगर ह्यूमैनिटीज

**मुबाशिरा**



98.8%

3rd सर पदमपत सिंहानिया ह्यूमैनिटीज

**एकांशी ओझा**



98.8%

3rd डीपीएस कल्याणपुर ह्यूमैनिटीज

**अनन्या निगम**



98.4%

4th पूर्णचंद्र विद्या निकेतन ह्यूमैनिटीज

**तार्विशी अग्रवाल**



98.2%

5th सर पदमपत सिंहानिया कॉमर्स

### सीबीएसई 12वीं के नतीजों में सिटी की टॉप 5 रैंक पर गर्ल्स का कब्जा

**KANPUR (12 May):** सेंट्रल बोर्ड आफ सेकेंडरी एजूकेशन (सीबीएसई) ने शुक्रवार को 10वीं और 12वीं के नतीजे जारी कर दिए गए. इस बार भी अपने शहर के स्टूडेंट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर का नाम रोशन किया. खास बात ये रही, हर साल की तरह इस बार भी गर्ल्स न सिर्फ ब्वॉयज से आगे रहीं बल्कि 12वीं शहर की टॉप फाइव रैंक पर कब्जा जमाया. इनमें एक भी ब्वॉय को जगह नहीं मिली.

### 4 ह्यमैनिटीज, एक कॉमर्स से


डीपीएस कल्याणपुर की, आरुषि सेठ ने 99.20 परसेंट मार्क्स पाकर सिटी में टॉप किया है. डीपीएस आजाद नगर की स्वाति पाल 99 परसेंट के साथ सेकेंड टॉपर बनीं. सर पदमपत सिंहानियां की मुबाशिरा और डीपीएस कल्याणपुर की एकांशी ओझा 98.8 परसेंट के साथ तीसरे स्थान पर रहीं. पूर्णचंद्र विद्यानिकेतन की अनन्या निगम 98.4 परसेंट के साथ फोर्थ रैंक पर रहीं. यह सभी स्टूडेंट्स ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम से हैं. इनके अलावा कामर्स की तार्विशी अग्रवाल 98.2 परसेंट के साथ पांचवीं रैंक पर रहीं.


### बनेंगी अफसर, डाक्टर, इंजीनियर

टॉप 5 में जगह बनाने वाली गर्ल्स सिविल सर्विस, मेडिकल, पीआर और फाइनेंस आदि क्षेत्र में फ्यूचर बनाने की बात कर रही है. उनका कहना है कि मन लगाकर की गई स्टडी सक्सेस जरूर दिलाती है, सफलता का श्रेय सेल्फ स्टडी को दिया है.

### कानपुर का रिजल्ट

| 12वीं में स्टूडेंट | 10वीं में स्टूडेंट |
|---|---|
| 10,113 | 9,743 |
| 93% | 94% |
| 9,405 पास हुए | 9,158 पास हुए |




### पूरे देश का रिजल्ट

**38.83** लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स दोनों एग्जाम में अपीयर हुए थे.

**20.16** लाख स्टूडेंट्स 10वीं में पास हुए.

**14.50** लाख स्टूडेंट्स 12 वीं में पास हुए.

### अनहेल्दी कॉम्पटीशन से बचने के लिए 3 बड़े बदलाव

1. स्टूडेंट्स की फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड डिवीजन की जानकारी नही देगा.
2. कोविड पीरियड की तरह इस बार भी मेरिट लिस्ट भी जारी नही की जाएगी.
3. सब्जेक्ट वाइज ज्यादा मार्क्स हासिल करने वाले 0.1 परसेंट स्टूडेंट्स को

### नंबर के लिए दे सकेंगे कम्पार्टमेंट एग्जाम

सीबीएसई के एग्जाम कंट्रोलर संयम भारद्वाज ने बताया कि जो बच्चे पास हो चुके हैं, लेकिन किसी एक सब्जेक्ट में इंप्रूव करना चाहते हैं, उन्हें मौका दिया जाएगा कि वे पूरक परीक्षा में बैठकर अपने नंबर इंप्रूव कर सकते हैं. इसी तरह अगर 5 में से एक सब्जेक्ट में 33 पसेंट से कम मार्क्स मिले हैं, तो उसे कंपार्टमेंट एग्जाम पास करना होगा, जो जुलाई में होगा.

सीबीएसई एग्जाम रिजल्ट्स के बाद स्टूडेंट्स के सेलिब्रेशन से जुड़ा वीडियो देखने के लिए स्कैन करें यह क्यूआर कोड.

### त्रिवेंद्रम रीजन टॉप पर

पूरे देश में 12वीं में कुल 16,60,511 स्टूडेंट्स में से 14,50,174 स्टूडेंट्स सफल घोषित किए गए हैं, वहीं 10वीं में कुल 93.12 परसेंट स्टूडेंट्स पास हुए हैं. 94.25 परसेंट लड़कियां, तो 92.72 परसेंट लड़के सफल हुए. 12वीं में 90.68 परसेंट लड़कियां और 84.67 परसेंट लड़के हैं. लड़कियां, लड़कों के मुकाबले 6.01 परसेंट आगे रहीं.

12वीं में 44 हजार से अधिक स्टूडेंट्स ने 95 परसेंट और करीब 1.12 लाख स्टूडेंट्स ने 90 परसेंट मार्क्स हासिल किए हैं.इस बार दोनों ही क्लासेस के लिए त्रिवेंद्रम रीजन ने 99.91 परसेंट पास परसेंटेज के साथ टॉप किया है. इसी तरह बेंगलुरु सेकेंड जबकि चेन्नई तीसरे नंबर पर है. सीबीएसई के एग्जाम कंट्रोलर संयम भारद्वाज ने कहा कि सब्जेक्ट्स में हाइएस्ट मार्क्स अचीव करने वाले स्टूडेंट्स को एलिजिबिलिटी सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा.